**THE BANSWARA CENTRAL CO-OPERATIVE BANK LTD**
**Head Office, College Road, Banswara – 327001**
**दी बांसवाड़ा सैन्ट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लि.**
प्रधान कार्यालय, कॉलेज रोड, बांसवाड़ा –327001
Ph. (02962) 243784

क्रमांक : बी.सी.सी.बी. / विकास. / 1

दिनांक : 15.10.2024

**प्रस्ताव –** सांविधिक अंकेक्षक नियुक्त करने की नीति को अंगीकृत करने के सम्बन्ध में।

**निर्णय –** बैंक को प्रतिवर्ष अपने लेखों का सनदी लेखाकार से सांविधिक अंकेक्षण करवाया जाना होता है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपने पत्र क्रमांक 113 दिनांक 15.01.2024 एवं नाबार्ड द्वारा अपने पत्र क्रमांक 241–271 दिनांक 26.06.2024 के माध्यम से सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति हेतु दिशा–निर्देश एवं पात्र लेखा परीक्षकों की सूची जरिये ई–मेल प्रेषित की है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपने पत्र क्रमांक 113 दिनांक 15.01.2024 के माध्यम से सांविधिक अंकेक्षक को नियुक्त करने अथवा पुनः नियुक्त करने संबन्धित दिशा–निर्देश प्रेषित किये हैं एवं समस्त सहकारी बैंकों से उक्तानुसार आवेदन प्रेषित करने के निर्देश प्रदान किये है। परिपत्र में वर्णित दिशा–निर्देशों एवं भविष्य में भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य नियामक संस्थाओं द्वारा जारी निर्देशो के अनुसार ही बैंक द्वारा सांविधिक अंकेक्षक की नियुक्ति की जायेगी। इसी परिपत्र को बैंक "सांविधिक अंकेक्षक नियुक्ति नीति" के रूप में अंगीकृत किया जाना हैं।

सर्व सम्मति से निर्णय किया जाता हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पत्र क्रमांक 113 दिनांक 15.01.2024 के माध्यम से सांविधिक अंकेक्षक को नियुक्त करने अथवा पुनः नियुक्त करने संबन्धित प्रेषित दिशा–निर्देशों को बैंक नीति के रूप में अंगीकृत किया जाता हैं। अग्रिम कार्यवाही हेतु बैंक प्रबन्ध निदेशक को अधिकृत किया जाता है।

**प्रबंध निदेशक**
**बैंक**

**प्रशासक**
**बैंक**